पत्रांक 15/बी –20/2023...1866
शिक्षा विभाग
उच्च शिक्षा निदेशालय, पटना

प्रेषक,

दीपक कुमार सिंह,
उप निदेशक, उच्च शिक्षा।

सेवा में,

कुलपति,
राज्य के सभी परम्परागत विश्वविद्यालय।

पटना दिनांक 10/05/2024

विषयः– वित्तीय वर्ष 2024–25 के बजट की स्वीकृति हेतु बजट समीक्षा बैठक में शामिल होने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक अंकित करना है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के प्रस्तावित बजट की प्रति आपके विश्वविद्यालय से इस निदेशालय को प्राप्त हो गयी है। विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा–48, 46 एवं 50 के तहत यह आवश्यक है कि विभाग (सरकार) द्वारा प्रस्तावित बजट पर अग्रेतर कार्रवाई करने से पूर्व इसकी समीक्षा कर ली जाय। समीक्षा हेतु निदेशानुसार एक रोस्टर बनाया गया है जिसके अनुसार नया सचिवालय अवस्थित शिक्षा विभाग के मदन मोहन झा सभागार में समीक्षा बैठक होगी। इस बैठक में आप अन्य संबंधित पदाधिकारियों यथा वित्तीय परामर्शी, कुलसचिव एवं वित्त पदाधिकारी के साथ–साथ यथा आवश्यक बजट बनाने से संबंधित अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ भाग लिया जाय। इस क्रम में आपके विश्वविद्यालय द्वारा एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन किया जायेगा जिसमें निम्न बिन्दुओं को अवश्य शामिल किया जायेगा–

1. शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के अलग–अलग स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पद।
2. पिछले वित्तीय वर्ष का प्रस्तावित बजट/स्वीकृत बजट/प्राप्त राशि/व्यय की गयी राशि।
3. पिछले वित्तीय वर्ष में कार्यरत शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मी की संख्या एवं इस अवधि में सेवानिवृत्त हुए शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की संख्या।
4. किस प्रकार सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के कारण बजट को कम किया गया है या किस प्रकार नई नियुक्तियों के कारण बजट को बढ़ाया गया है।
5. नई नियुक्तियों की पूर्ण विवरणी नियोक्ता की विवरणी के साथ।
6. अतिथि शिक्षक आदि के संबंध में अलग स्लाईड में प्रजेंटेशन हो।
7. महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के आंतरिक स्रोत से प्राप्त राशि की पूर्ण विवरणी स्रोत, व्यय के लिए कार्ययोजना सहित स्पष्ट किया जायगा कि उक्त राशि को किस प्रकार बजट में शामिल किया गया है।
8. क्या विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा–47,48,49,50 एवं 51 का पालन किया गया है/किया जा रहा है?
9. यदि विश्वविद्यालय द्वारा बकाया वेतन/बकाया महंगाई भत्ता/ बकाया पेंशन/बकाया महंगाई राहत/एन0पी0एस0 की राशि की मांग की जा रही है तो इसकी गणना को अलग–अलग स्लाईड में दर्शाया जाय।

साथ ही अनुरोध है कि संलग्न प्रपत्र में भी सूचनाएं भरकर लाई जाएं तथा उक्त सूचनाओं से संबंधित अभिलेख भी साथ लाया जाय।

समीक्षा बैठक का रोस्टर

क्र0	विश्वविद्यालय का नाम	बैठक की तिथि	बैठक का समय
1	कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा	15.05.2024	11.00 बजे पूर्वा0
2	मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय, पटना	15.05.2024	03.00 बजे अप0
3	पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया	16.05.2024	11.00 बजे पूर्वा0
4	मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर	16.05.2024	03.00 बजे अप0
5	बी0एन0 मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा	21.05.2024	11.00 बजे पूर्वा0
6	मगध विश्वविद्यालय , बोधगया	21.05.2024	03.00 बजे अप0
7	वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय , आरा	22.05.2024	11.00 बजे पूर्वा0
8	तिलका माँझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर	22.05.2024	03.00 बजे अप0
9	बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर	24.05.2024	11.00 बजे पूर्वा0
10	पटना विश्वविद्यालय, पटना	24.05.2024	03.00 बजे अप0
11	पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना	28.05.2024	11.00 बजे पूर्वा0
12	जय प्रकाश विश्वविद्यालय , छपरा	28.05.2024	03.00 बजे अप0
13	ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा	29.05.2024	11.00 बजे पूर्वा0

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/–
(दीपक कुमार सिंह)
उप निदेशक, उच्च शिक्षा।

ज्ञापांक–15/बी –20/2023 पटना दिनांक 2024

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/निदेशक, उच्च शिक्षा के निजी सहायक/निदेशक प्रशासन–सह–अपर सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

2. निदेशक प्रशासन–सह–अपर सचिव से अनुरोध है कि उक्त निर्धारित तिथि को मदन मोहन झा सभागार, शिक्षा विभाग को आरक्षित करने की कृपा की जाय।

10/05/24

उप निदेशक, उच्च शिक्षा।